हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया।

भारत ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा की है। इन हमलों में कई नागरिकों की मृत्यु हो गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह पाकिस्तान की ओर से एक और आक्रामक कार्रवाई है, जो संप्रभु अफगानिस्तान की अवधारणा के प्रति उसकी शत्रुतापूर्ण सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत इस बात को दोहराता है कि अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए।

आईडीएफसी बैंक घोटाले मामले में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए सावन ज्वेलर्स के मालिक राजन कटोदिया को गिरफ्तार किया है।

जांच के दौरान पाया गया कि सावन ज्वेलर्स द्वारा□ाई सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि रिभव रिषी, अभय कुमार, अभिषेक सिंगला, स्वाति सिंगला व अन्य आरोपियों की विभिन्न कंपनियों व फर्मों से प्राप्त की गई । इन कंपनियों व फर्मों में पैसा सरकारी खातों से गैर कानूनी तरीके से हस्तांतरित किया गया था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि सावन ज्वेलर्स के मालिक राजन के द्वारा मुख्य आरोपियों के लिए नगदी रूपांतरण का काम किया गया व इसके लिए भारी दलाली प्राप्त की। आरोपी के द्वारा इन फर्मों और कंपनियों के नाम सोने की वस्तुएं बेची हुई दिखाई गई।

ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी राजन ने इस मामले में धोखाधड़ी की शुरुआत से ही षडयंत्र रचने में अहम भूमिका निभाई तथा पूर्व योजना के तहत् अपराध को अंजाम देने में सक्रिय योगदान दिया।

इस मामले में यह 12वीं गिरफ्तारी है। आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आज न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी, ताकि इस पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका का खुलासा हो सके।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, हालसा द्वारा कल वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति दीपक सिबल के मार्गदर्शन में हरियाणा के सभी जिलों और उप-मंडलों में किया गया ।

न्यायमूर्ति दीपक सिबल ने पूरे राज्य में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की और लोक अदालत की सभी बेंच को अधिकतम मामलों के निपटारे के लिए उच्च स्तर की प्रतिबद्धता और दक्षता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। लोक अदालत में कुल 5 लाख 72 हजार 911 मामलों का निपटारा किया गया। इस निपटारे से हरियाणा की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। लोक अदालत के लिए विभिन्न न्यायालयों में कुल 177 बेंचों का गठन किया गया, जिनमें प्री-लिटिगेशन तथा लंबित मामलों दोनों को लिया गया। इन मामलों में सिविल विवाद, वैवाहिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, बैंक रिकवरी वाद, चेक बाउंस मामले, ट्रैफिक चालान, समझौता योग्य आपराधिक मामले तथा स्थायी लोक अदालत के समक्ष लंबित मामले शामिल थे।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत कल हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के 12वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू व आईआईटी रोपड़ के निदेशक डॉ. राजीव आहूजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
दीक्षांत समारोह में 50 छात्रों को पदक दे कर सम्मानित किया गया जबकि 1462 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डिग्री केवल उस ज्ञान की पुष्टि करती है जो वर्षों की मेहनत से अर्जित किया गया है, लेकिन किसी भी व्यक्ति के जीवन की असली दिशा और दशा उसके चरित्र और निर्णय लेने की क्षमता तय करती है। उन्होंने कहा कि जब औपचारिक शिक्षा का ढांचा व्यक्ति के आसपास नहीं रहता, तब वही चरित्र और विवेक उसके मार्गदर्शक बनते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को अपने ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सही निर्णय लेने की क्षमता को भी विकसित करना चाहिए।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कल फरीदाबाद के वार्ड नंबर 15 और 16 में करीब 3 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से होने वाले 18 विकास कार्यों का शुभारंभ किया।